# NCERT Solutions for Class 7

## Hindi

## Chapter 16- भोर और बरखा

**कविता से**

**1.बंसीवारे ललना' 'मोरे प्यारे लाल जी' कहते हुए, यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और कौन-कौन-सी बातें कहती हैं?**

**उत्तर –** यहां पर माँ यशोदा कृष्ण जी को जगाने का प्रयास करती हैं । वे कहती हैं कि रात बीत गई है और सुबह हो गई है । बृज क्षेत्र के घर-घर में दही मथा जा रहा है और ग्वालिनों के कंगनों की झंकार चारों तरफ फैल रही है । हर घर के दरवाजे पर साधु-संत खड़े हुए हैं और सभी ग्वाल-बाल शोर मचा कर खेल रहे हैं एवं सभी जय-जयकार कर रहे हैं ।

**2.नीचे दी गई पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए-**
**'माखन-रोटी हाथ मँह लिनी, गउवन के रखवारे।'**

**उत्तर –** ऊपर दी गई पंक्तियों का अर्थ है कि यशोदा माता कृष्ण से कहती है कि हे गाय के रखवाली करने वाले कृष्ण तुम्हारे मित्र बाहर हाथ में रोटी और माखन लिए हुए हैं इसलिए तुम भी जल्दी जाग जाओ क्योंकि बाहर सभी ग्वाल-बाल तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

**3. पढ़े हुए पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** पद में ब्रज की सुबह का अत्यंत मनोहर वर्णन प्रस्तुत किया गया है। बृज क्षेत्र की भोर चहल-पहल और गतिशीलता से भरी हुई है । भोर होते ही घर-घर के दरवाजे खुल जाते हैं और लोग अपने -अपने कामों में व्यस्त हो जाते हैं। गोपियां दही मथने लगती हैं और उनके कंगनों की

झंकार से ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ब्रज की सभी गोपियां दही मथने की क्रिया में मग्न है । साधु संत जन द्वार पर भिक्षा माँग रहे हैं एवं ग्वालों के बच्चे खेलने कूदने लग रहे हैं और वे माखन रोटी खाते हैं एवं जय-जय शब्दों का उच्चारण करते हैं ।

**4.मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?**

**उत्तर –** मीरा को सावन मनभावन इसलिए लगने लगा क्योंकि जो सावन की फुहार होती है उसमें मन प्रफुल्लित हो जाता है और मन में एक उमंग जागने लगती है और मीरा को श्रीकृष्ण के आने का आभास हो जाता है इसलिए उनको यह सावन और भी ज्यादा मनभावन लगने लग जाता है ।

**5.पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर-** सावन के आते ही बादल चारों दिशाओं में उमड़-उमड़ कर विचरण करने लग जाता है और आकाश में बिजली चमकने लग जाती है एवं वर्षा की नन्ही-नन्ही बूंदे बरसती हैं और चारों तरफ शीतल हवाएं बहने लग जाती है और मौसम इतना सुहावना हो जाता है कि मन प्रफुल्लित होने लग जाता है ।

**कविता के आगे**

**1.मीरा भक्तिकाल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं। इस काल के दूसरे कवियों के नामों की सूची बनाइए तथा उसकी एक एक रचना का नाम लिखिए।**

**उत्तर –** भक्ति काल के अन्य प्रसिद्ध कवि एवं उनकी रचनाएं निम्नलिखित है :-

क ) तुलसीदास – रामचरितमानस

ख ) सूरदास - सूरसागर

ग ) कबीर दास – कबीर ग्रंथावली

घ ) जायसी – पद्मावत

**2.सावन वर्षा ऋतु का महीना है, वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** 'सावन' वर्षा ऋतु का महत्वपूर्ण महीना माना जाता है लेकिन सावन से पहले के महीने आषाढ़ और सावन के बाद की महीने भाद्रपद में कई बार वर्षा होती है।

**अनुमान और कल्पना**

**1.सुबह जगने के समय आपको क्या अच्छा लगता है?**

**उत्तर –** सुबह जागने के समय मुझे शांत वातावरण एवं ठंडी हवा और चमकता सूर्य और पक्षियों की आवाज बहुत अच्छी लगती है ।

**2.यदि आपको अपने छोटे भाई-बहन को जगाना पड़े, तो कैसे जगाएँगे?**

**उत्तर –** यदि मुझे अपने छोटे भाई बहन को जगाना पड़े तो मैं उन्हें बहुत स्नेहपूर्वक जगाऊंगी ।

**3.वर्षा में भींगना और खेलनों आपको कैसा लगता है?**

**उत्तर –** मुझे वर्षा ऋतु बहुत पसंद है और वर्षा ऋतु का जो वातावरण होता है वह भी मुझे बहुत आनंद देता है इसलिए मुझे वर्षा में भीगना और खेलना बहुत अच्छा लगता है ।

**4.मीरा बाई ने सुबह का चित्र खींचा है। अपनी कल्पना और अनुमान से लिखिए कि नीचे दिए गए स्थानों की सुबह कैसी होती है**
**(क) गाँव, गली या मुहल्ले में**
**(ख) रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर**
**(ग) नदी या समुद्र के किनारे**
**(घ) पहाड़ों पर।**

**उत्तर –** क ) गांव में गलियों में या मोहल्ले में सुबह-सुबह लोगों की चहल-पहल शुरू हो जाती है । गांव में गाय रंभाने लग जाती है और पक्षियों की चहचहाने की आवाज आने लग जाती है और गांव में लोग सुबह सुबह मंदिर भी जाते हैं और कई लोग शहर पर भी जाते हैं और किसान लोग खेत जाने की तैयारी करने लग जाते हैं ।

ख ) सुबह-सुबह रेलवे प्लेटफार्म पर लोग रेल का इंतजार करते हुए दिखते हैं और रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों का आना जाना होना शुरू हो जाता है । सवारियां उतरती चढ़ती रहती है और रेलवे प्लेटफार्म पर कर्मचारी झाड़ू लगाते हुए दिखाई देते हैं ।

ग ) सुबह-सुबह नदी या समुद्र के किनारे का जो वातावरण होता है वह बिल्कुल शांत होता है । कुछ लोग सुबह-सुबह नदी या समुद्र के किनारे सैर करते हुए दिखाई देते हैं ।

घ ) सुबह-सुबह पहाड़ों पर बहुत सुंदर दृश्य होता है । पहाड़ों पर से उगते हुए सूरज की किरणों को देखना अत्यंत सुंदर लगता है । पहाड़ों पर मंद-मंद हवाएं भी चलती रहती हैं ।

**भाषा की बात**

**1.कृष्ण को 'गउवन के रखवारे' कहा गया जिसका अर्थ है गौओं का पालन करनेवाले। इसके लिए एक शब्द दें ।**

**उत्तर –** ग्वाला

**2.नीचे दो पंक्तियाँ दी गई हैं। इनमें से पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द दो बार आए हैं, और दूसरी पंक्ति में भी दो बार। इन्हें पुनरुक्ति (पुनः उक्ति) कहते हैं। पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द विशेषण हैं और दूसरी पंक्ति में संज्ञा।**

**'नन्हीं-नन्हीं बूंदन मेहा बरसे'        'घर-घर खुले किंवारे'**

**• इस प्रकार के दो-दो उदाहरण खोजकर वाक्य में प्रयोग कीजिए और देखिए कि विशेषण तथा संज्ञा की पुनरुक्ति के अर्थ में क्या अंतर है?**
**जैसे–मीठी-मीठी बातें,        फूल-फूल महके।**

**उत्तर** – विशेषण पुनरुक्ति

**क )** हम बाजार से ताजे-ताजे फल लाएं ।

**ख )** आज करण ने मीठे-मीठे सेब खिलाएं ।

**संज्ञा पुनरुक्ति**

**क )** शहर-शहर में उस कलाकार की धूम है ।

**ख )** आजकल गली-गली में मंदिर बन रहे हैं ।